पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग उत्तर प्रदेश

# शहीद चंद्रशेखर आजाद पक्षी अभ्यारण्य में एआर–वीआर डोम से मिलेगा जंगल का वर्चुअल अनुभव– जयवीर सिंह

लखनऊ : 26 नवंबर, 2025

अंतरराष्ट्रीय महत्व रखने वाले शहीद चंद्रशेखर आजाद पक्षी अभ्यारण्य, उन्नाव में पर्यटकों के लिए अत्याधुनिक एआर–वीआर डोम की सुविधा जल्द उपलब्ध होने वाली है। उत्तर प्रदेश ईको टूरिज्म विकास बोर्ड द्वारा यहां कई पर्यटन सुविधाओं का तेजी से विकास कराया जा रहा है, जिन पर लगभग 2.81 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं। उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि राज्य के ईको टूरिज्म डेस्टिनेशन पर पहली बार आगंतुकों को जंगल का वर्चुअल अनुभव प्राप्त होगा।

मंत्री ने बताया कि लखनऊ से करीब 43 किलोमीटर दूर, कानपुर हाईवे स्थित शहीद चंद्रशेखर आजाद पक्षी अभ्यारण्य प्रमुख रामसर साइट है। पक्षी प्रेमियों, प्रकृति को करीब से अनुभव करने वालों और शहरी भागदौड़ से दूर शांत वातावरण की तलाश में जुटे पर्यटकों के लिए यह एक प्रमुख आकर्षण है। शांत, हरे–भरे प्राकृतिक वातावरण में स्थित यह सेंचुरी सप्ताहांत पर्यटन (वीकेंड टूरिज्म) के लिए बेहतरीन गंतव्य है।

सर्दियों में यहां स्थानीय तथा प्रवासी पक्षियों की भारी आमद होती है। उत्तर प्रदेश ईको टूरिज्म विकास बोर्ड द्वारा यहां एआर–वीआर डोम के साथ–साथ कई अन्य सुविधाओं का विकास कराया जा रहा है, जिनमें– रिसेप्शन/टिकट/वेटिंग एरिया, टिकट काउंटर, फूड एवं ओडीओपी कियोस्क, लैंडस्केपिंग एवं साइट डेवलपमेंट, पौधरोपण, बाहरी प्रकाश व्यवस्था, साइनेज आदि शामिल हैं।

एआर–वीआर डोम एक विशिष्ट प्रकार की अत्याधुनिक तकनीकी है। इसकी सबसे बड़ी विशेषता यह कि इसमें जंगल के किसी भी समय की सीन क्रिएट की जा सकती है। अलसुबह, देर शाम या रात के जंगल का दृश्य, जो अक्सर हम नहीं देख पाते हैं, वह हम इस अत्याधुनिक सुविधा के माध्यम से देख सकते हैं। डोम में बैठने के बाद आप चारों ओर का दृश्य देख सकते हैं। कई जगह तो ऊपर और नीचे का भी दृश्य दिखता है।

शहीद चंद्रशेखर आजाद पक्षी अभ्यारण्य में पर्यटन विकास की व्यापक संभावनाओं को साकार करने के लिए बोर्ड सक्रिय है। इसी क्रम में लखनऊ के विविध विद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए क्यूरेटेड टूर कराए जा रहे हैं। इस उद्देश्य से इज़ माय ट्रिप के साथ एमओयू किया गया है।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश प्राकृतिक संपदाओं से समृद्ध राज्य है, जो बड़ी संख्या में प्रकृति प्रेमियों को आकर्षित करता है। हमारा लक्ष्य है कि यहां आने वाले पर्यटक अद्वितीय और यादगार अनुभव लेकर लौटें। इसी दिशा में सुविधाओं का निरंतर विकास किया जा रहा है।

---

**सम्पर्क सूत्र**– केवल

**वैशाली माथुर/03:44 PM**

फोन नम्बर Direct : 0522–2239023 ई0पी0बी0एक्स0 : 0522–2239132,33,34,35 एक्सटेंशन : 223 224 225
फैक्स नं0 : 0522–2237230 0522–2239586 ई–मेल : upsoochna@gmail.com,
**वेबसाइट** :www.information.up.gov.in